FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 15)

अज अदालत संभागीय आयुक्त, उदयपुर (राज0)

श्री केसीबाई व अन्य	बनाम	श्री राजकुमार बापना व अन्य

किस्म मुकदमा अपील संख्या–**305/2020** (**GCMS/2020/00339**)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए	
02.02.2021	दिनांक 01.01.2021 को वकील अपीलार्थी उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रो पेश किया। आज दिनांक 02.02.2021 को प्रश्नगत अधिवक्ता अपीलार्थी पुनः उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रो के क्रम में अत्यावश्यक कारणों से पत्रावली सिगह से तलब किये जाने का अनुरोध किया गया। उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 22.02.2021 को नियत है। उपस्थित अधिवक्ता अपीलार्थी के निवेदन पर पत्रावली सिगह से आज तलब की गई। अपीलार्थी अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रो से निवेदन किया कि प्रकरण के सम्बन्ध में अपीलार्थी एवं रेस्पोडेंटस् के मध्य राजीनामा हो गया है, इसलिए अपीलार्थी उक्त प्रकरण में आगे कोई कार्यवाही नहीं करना चाहते है, इसलिए उक्त प्रकरण/अपील को इसी स्तर पर विड्रो किए जाने का अनुरोध किया है। अधिवक्ता अपीलार्थी द्वारा पक्षकारों के मध्य राजीनामा होने से अपील इसी स्तर पर विड्रो किये जाने का निवेदन किया और वह अपील को आगे नहीं चलाना चाहते है। यहा अपीलार्थी द्वारा न्यायालय हाजा को समाधानप्रद रूप से यह साबित कर दिया गया है कि अपीलार्थी हस्तगत अपील में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहते है। अतः प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रो करने हेतु स्वीकार किया जाता है। अपील अपीलार्थी इसी स्तर पर खारिज की जाती है। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।		